हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 सितम्बर 2024, समय 1305)

सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत अब तक एक करोड़, 79 लाख गतिविधियां आयोजित की गई हैं।पहली सितम्बर से शुरू पोषण माह इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। इस दौरान खून की कमी, संतुलित विकास, पूरक आहार तथा पोषण भी पढ़ाई भी और बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान "एक पेड़ मां के नाम" पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत 13 लाख 95 हजार आंगनवाडी केन्द्रों को पौधरोपण में शामिल किया जाएगा।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि अब तक पूरक आहार से संबंधित 20 लाख से अधिक गतिविधियां आयोजित की गई हैं। मंत्रालय के अनुसार देशभर के विभिन्न राज्यों के 756 जिले सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान में भाग ले रहे हैं और लोगों को पोषण संबंधी जानकारी दे रहे हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितंबर को कुरुक्षेत्र से हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार का शंखनाद करेंगे। पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक संजय भाटिया ने रोहतक में और राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कुरुक्षेत्र में बताया कि प्रधानमंत्री 14 सितंबर को दोपहर 2 बजे थीम पार्क में पहुंचेंगे और विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस रैली से भारतीय जनता पार्टी जीत की और आगे बढ़ेगी ओर बीजेपी तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाएगी। राज्य मंत्री ने कहा कि इस जनसभा के लिए कार्यकर्ताओं में भारी जोश है।

****

कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 9 और उम्मीदवारों की घोषणा की है।पार्टी ने उचाना कलां विधानसभा सीट से जन नायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला के खिलाफ पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मोहित ग्रोवर गुरुग्राम सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार होंगे। गनौर से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, थानेसर से अशोक अरोड़ा, तोशाम से अनिरुद्ध चौधरी, मेहम से बलराम दांगी, नांगल चौधरी से मंजू चौधरी और बादशाहपुर से वर्धन यादव को चुनाव मैदान में उतारा गया है।कांग्रेस पार्टी इससे पहले 31 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा के लिए अगले महीने की 5 तारीख को चुनाव होगा।

****

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने करनाल सीट को लेकर बी जे पी के कई नेताओं में उपजी नाराजगी को दूर करने की कोशिश की ।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के करनाल की जगह लाडवा से उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद करनाल सीट पर पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता और जगमोहन आनंद टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन पार्टी ने जगमोहन आनंद को टिकट दिया इस कारण बगावत पर उतर आई रेणु बाला ने अपने समर्थक कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा है कि इस बैठक में वह अपने राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगी। कल देर शाम केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी रेणु बाला को मनाने उनके आवास पहुंचे। मनोहर लाल और रेणु बाला गुप्ता के बीच काफी देर बातचीत हुई लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया।मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने कहा कि रेणु बाला गुप्ता चुनाव लड़ना चाहती थी। मुझे विधायक और सांसद बनाने में साथ ही नायब सिंह को विधायक बनाने में इन्होंने सहयोग किया था। इनकी बहुत बड़ी टीम है जो कल फैसला लेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह पार्टी के पक्ष में फैसला लेकर बीजेपी उम्मीदवार को जिताकर बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनाने में साथ देंगी ।वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के अंदर हार की घबराहट है इसलिए वह गठबंधन

करना चाहती है। अगर कांग्रेस पार्टी को अपनी जीत का विश्वास होता तो उसे गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ती। श्री मनोहर लाल ने कहा कि बीजेपी हरियाणा में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और तीसरी बार भी सरकार बनाएगी।

****

फ्रांस के पेरिस में कल रात पैरालंपिक खेलों का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ। तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने संगीत कार्यक्रमों का आनंद उठाया। पेरिस पैरालंपिक में पूरे विश्व के 168 पैरालंपिक प्रतिनिधि मंडल के 4400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष ऐंड्रयू पार्सन ने कहा कि फ्रांस ने भविष्य के पैरालंपिक खेलों के लिये एक मानक स्थापित किया है। पेरिस के मेयर ने पैरालंपिक ध्वज श्री पार्सन को सौंपा जिन्होंने इसे लॉस एंजिलिस के मेयर को हस्तांतरित कर दिया। अगले पैरालंपिक खेल 2028 में लॉस एंजिलिस में होंगे।काबिले गौर है कि भारतीय दल ने इस वर्ष पैरालंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदकों पर कब्जा किया।

****